एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

गंगूबाई में आलिया भट्ट के ऑपोज़िट दिखेंगे अजय देवगन?

संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी काफी चर्चा में है। अब जो अफवाहें उड़ती हुई सुनने में आ रही हैं, उनमें बताया जा रहा है कि इस फिल्म में आलिया भट्ट के ऑपोज़िट हो सकते हैं अजय देवगन। जैसा कि हम सभी जानते हैं इस फिल्म में आलिया लीड रोल में नजर आनेवाली हैं। 1960 की कहानी के दर्शाने वाली इस फिल्म में रेड लाइट एरिया कमाठीपुरा की कहानी होगी, जिसमें आलिया पावरफुल किरदार में दिखेंगी। अब आलिया के ऑपोज़िट अजय देवगन को देखना वाकई मजेदार होगा, जो गंगुबाई को माफिया डॉन का काम सिखाते हुए उनके प्यार में पड़ जाते हैं। फिल्म से जुड़ा यह डिवेलपमेंट पिछले वीक ही हुआ है, जब अजय और भंसाली आनंद पंडित की दिवाली पार्टी में एक-दूसरे से मिले थे। दोनों घंटों एक-दूसरे से बातचीत करते दिखे और इसके कुछ दिन बाद दोनों भंसाली के ऑफिस में भी मिले। कहा जा रहा है कि डायरेक्टर ने ऐक्टर को दो अन्य फिल्मों का ऑफर दिया है, जिसमें अगले साल दिवाली पर रिलीज़ होनेवाली उनकी फिल्म बैजू बावरा भी शामिल है। कहा जा रहा है कि अजय को तानसेन के रोल के लिए सम्पर्क किया गया है, लेकिन उन्हें गंगूबाई वाला कैरक्टर ज्यादा पसंद आया है। इसके अलावा भंसाली ने उन्हें एक और ऐक्शन पैक्ड फिल्म का ऑफर दिया है। खैर, फिलहाल तो आलिया और अजय को साथ देखना वाकई फैन्स के लिए काफी मजेदार होगा। बता दें कि गंगूबाई मुंबई की माफिया क्वीन थी जिसका पहुंच माफिया से लेकर नेताओं तक थी। इसी पहुंच ने गंगूबाई को चीन बना दिया था।

विजय की फिल्म बिगिल 5 दिनों में कमा डाले 200 करोड़: साउथ के सुपरस्टार विजय की फिल्म बिगिल ने बॉक्स ऑफिस पर डबल सेंचुरी लगा दी है। मेगा बजट के इस स्पॉर्ट्स ड्रामा ने ग्लोबल मार्केट में सिर्फ 5 दिनों में 200 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यह तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शुमार हो गई है। डायरेक्टर ऐटली की यह फिल्म टिकट विंडो पर नए बेंचमार्क सेट कर रही है। चूंकि 8 नवंबर तक कोई बड़ी रिलीज नहीं है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बिगिल डोमेस्टिक मार्केट में अपना प्रभुत्व बनाए रखेगी। फिल्म का इंटरवेल सीच्स दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। खास बात यह है कि यह डायरेक्टर ऐटली का भी फेवरिट सीन है। 180 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म में नयनतारा, जैकी श्रॉफ, योगी बाबू जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में हैं। बिगिल बॉलिवुड फिल्ममेकर करण जौहर को भी काफी पसंद आई है। कुछ दिनों पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की काफी तारीफ की थी। बता दें, लंबे वक्त से ऐसी चर्चा भी है कि शाहरुख खान अब डायरेक्टर ऐटली के साथ फिल्म कर सकते हैं।



कृति सेनन ने शुरू की मिमी की शूटिंग, दिखेंगी दमदार किरदार में

इन दिनों ऐक्ट्रेस कृति सेनन बॉलिवुड की बिजी ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। हाल ही में उनकी फिल्म हाउसफुल 4 रिलीज हुई है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। अब कृति ने अपनी अगली फिल्म मिमी की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का पहला शेड्यूल राजस्थान में शुरू हुआ है। फिल्म के बारे में बात करते हुए कृति सेनन ने कहा, इस महिला केंद्रित फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं क्योंकि यह फिल्म एक बहुत ही अहम मुद्दे पर प्रकाश डालती है। कृति इस फिल्म को अपने करियर में मील का पत्थर मानती हैं क्योंकि उनके मुताबिक यह उनके करियर का अब तक का सबसे मजबूत रोल है। इस फिल्म की मुख्य कहानी एक महिला के इर्द-गिर्द ही घूमती है। कृति खुश हैं लेकिन साथ में नर्वस भी क्योंकि अभी उन्हें इस फिल्म के ढेरों तैयारियां करनी हैं। बता दें कि इस फिल्म के जरिए कृति लुका छुपी डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर और को-स्टार पंकज त्रिपाठी के साथ दोबारा काम करने जा रही हैं। इस फिल्म के अलावा कृति पानीपत में भी नजर आएंगी। साथ ही फिल्म पति पत्नी और वो में भी उनका एक स्पेशल अपियरेंस में नजर आएंगी।

काजल अग्रवाल कर रही हैं शादी की प्लानिंग

ऐक्ट्रेस काजल अग्रवाल के फैंस के लिए अच्छी खबर है। वह जल्द ही शादी करने की प्लानिंग कर रही हैं। इसकी जानकारी उन्होंने खुद एक शो में दी। जब ऐक्ट्रेस से उनके शादी के प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हां, मैं शादी करने की प्लानिंग कर रही हूं। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने पति में कैसे गुण चाहती हैं तो काजल ने कहा, कई सारी चीजें होनी चाहिए लेकिन सबसे जरूरी है कि वह पजेसिव हो, ख्याल करने वाला हो और आध्यात्मिक हो। इस दौरान ऐक्ट्रेस ने अपने बारे में बात करते हुए बताया, मैं बहुत आध्यात्मिक किस्म की हूं। मेरे पास भगवान शिव की छोटी मूर्ति भी है जिसे मैं हर जगह साथ लेकर जाती हूं। वहीं, जब सिंघम फेम ऐक्ट्रेस से किल, हुक अप और मैरी का सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह राम चरण को मारना चाहेंगी, एन टी रामा राव जूनियर के साथ हुक अप करना चाहेंगी जबकि प्रभास के साथ शादी करना चाहेंगी।